# वी. एन्ड सी. पटेल अंग्रेजी विद्यालय

दिनांक : १८-८-१७

समय : ३ घण्टा

## अर्धवार्षिक परीक्षा

पूर्णांक-९०

## कक्षा – ११ विषय : हिन्दी

### खंड : क

**प्र-१ निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । १०**

जिंदगी के असली मज़े उनके लिए नहीं है जो फूलों की छाँव के नीचे खेलते और सोते है; बल्कि फूलों की छाँह के नीचे अगर जीवन का कोई स्वाद छिपा है तो वह भी उन्हीं के लिए है जो दूर रेगिस्तान से आ रहे है, जिनका कंठ सूखा हुआ है, ओंठ फटे हुए है, और सारा बदन पसीने से तर है। पानी में जो अमृत वाला तत्त्व है उसे वह जानता है जो धूप ने खूब सूख चुका है, वह नहीं जो रेगिस्तान में कभी पड़ा ही नहीं है।

सुख देने वाली चीजे़ पहले भी थी और अब भी है। फर्क यह है कि जो सुखों का मूल्य पहले चुकाते है, और उन्के मज़े बाद में लेते है उन्हें स्वाद अधिक मिलता है। जिन्हें आराम आसीनी से मिल जाता है, उनके लिए आराम ही मोत है। जो लोग पाँव भीगने के लिए खौफ से बचे रहते है, समुद्र में डुब जाने का खतरा उन्हीं के लिए है। लहरों में तैरने का जिन्हे अभ्यास है, वे मोती लेकर बाहर आएगे।

चाँदनी की ताज़गी और शीतला वहीं अनुभव कर सकता है जो दिनभर धूप में थक्कर लौटा है, जिसके शरीर को अब तरलाई की जरुरत महसुस होती है, और जिसका मन यह जानकर संतुष्ट है कि दिन भर का समय उसने किसी अच्छे काममें लगाया है।

भोजन का असली स्वाद उसी को मिलता है, जो कुछ दिन बिना खाए भसी रह सकता है। बड़ी चीज़े बड़े संकटो में विकास पाती हे, बड़ी हस्तियाँ बड़ी मुसीबतों में पलकर दुनिया पर कब्जा करती है अकबर ने तरह साल की उम्र में अपने पिता के दुश्मन को परास्त किया था। जिसका कारण था कि उसका जन्म रेगिस्तान में हुआ था और वह भी उस समय जब उसके पिता के पास कस्तुरी को छोड़ कोई दौलत नहीं थी महाभारतकाल में देश के अधिकांश वीर कौरवो के पक्ष में थे मगर फिर भी जीत पांडवो की हुई क्योंकि उन्होंने लाक्षागृह की मुसीबत झेली थी।

श्री विन्स्टन चर्चिल ने कहा जिंदगी की सबसे बड़ी विशेषता हिम्मत है, आदमी के सारे गुण उसके हिम्मती होने से ही पैदा होते है।

जिंदगी की दो सूरते हैं। पहली यह है कि आदमी बड़े से बड़े मकसद के लिए कोशिश करे, मुसीबतें आने पर भी पाँव पीछे न बटाए।

दूसरी वह कि उन गरीब आत्माओं का हम जोली बन जाए जो न तो बहुत सुख पाती है और न जिन्हें अधिक दुःख पाने का ही संयोग है।

प्रश्नो : १. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक कीजिए। २.जिंदगी के असली मज़े कौन प्राप्त करता है ?

३. फूलों की छाँव का मजा कैसे व्यक्ति लेते है ?

४. पाँव भीगने से डर जानेवाले व्यक्तियों की क्या हालत होती है ?

५. अकबर की क्या विशेषता बताई गई है ?
६. संख्या में कम होने पर भी पांडवो की जीत क्यों हुई ?
७. जिंदगी में पहली सूरत कौन-सी होती है ?
८. जिंदगी की दुसरी सूरत कौन-सी होती है ?
९. विलोम शब्द लिखिए । : १) दुश्मन २) जीत

प्र-२ निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । ५

चंचल पग दीपशिखा के धर
गृह, मग, वन में आया वसंत !
सुलगा फाल्गुन का सूनापन
सौंदर्य की शीतल ज्वाला से
फैला डर-डर में मधुर दाह
आया वसंत, भर पृथ्वी पर
स्वर्गिक सुंदरता का प्रवाह ।
पल्लव-पल्लव में नवल रुधिर
पात्रों में मांसल रंग खिला
आभा नीली-पीली लौ से
पुष्पों के चित्रित दीप जला ।
अधरों की लाली से चुपके
कोमल गुलाब के माल लगा
आया, पंखुडियों को काले –
पीले धब्बों से सहज सजा ।

प्रश्नो :
१. यहाँ किस ऋतु का वर्णन किया गया है ?
२. सुलगा फागुन का सूनापन का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।
३ इस ऋतु में आने से पत्तों में क्या परिवर्तन हुए ?
४. फूल किस प्रकार के लगने लगे ?
५. काव्यांश उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

## खंड-ख

प्र-३ निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । १०

१. युवा वर्ग और अनुशासन की समस्या
२. समाज पर चलचित्रो का प्रभाव

प्र-४ किसी दुर्घटना का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए । ५

अथवा

जुर्माना माफ कराने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए ।

प्र-५ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए । ५

१. पेज-थ्री पत्रकारिता किसे कहते है ?
२. समाचार की परिभाषा दीजिए ।
३. बीट से क्या आशय है ?
४. डेडलाईन किसे कहते है ?
५. 'शोर' से क्या आशय है ?

प्र-६ आपके विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । इस विषय पर एक रिपोर्ट लिखिए । ५

## खंड – ग

**प्र-७ निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** ८

लहराते वे खेत दृगो में
हुआ बेदखल वह अब जिनसे,
हँसती थी उसके जीवन की
हरियाली जिनके वन-वन से !
  आँखो ही में धूआ करता
  वह उसकी आँखो का तारा,
  कारकूनों की लाठी से जो
  गया जवानी ही में मारा ।

प्रश्न :

१. किसान की आँखो के सामने कौन-से खेत लहराते हैं और क्यों ?
२. अपने खेतों के कारण उसका जीवन कैसा था ?
३. 'आँखों का तारा का क्या आशय है ? वह उसकी आँखो के सामने क्यों घूमता है ?
४. कारकुन कौन थे ? उन्होंने वध क्यों किया ?

**प्र-८ निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर भावसौंदर्य लिखिए ।** ६

पग घूंघरु बांधि मीरां नाची,
मैं तो मेरे नारायण सू, आपहि हो गई साची
लोग कहै, मीरां भइ बावरी; न्यात कहै कुल-नासी
विष का प्याला राणा भैज्या, पीवत मीरां हाँसी
मीरां के प्रभु गिरधर नागर, सहज मिले अविनाशी

**प्र-९ निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** ६

१. सूर्योदय वर्णन के लिए किस तरह के बिंबो का प्रयोग हुआ है ?
२. वे आँखे कविता में किसान की पीड़ा के लिए किन्हें जिम्मेदार बताया गया है ?
३. 'घर की याद' कविता में पिता के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं को प्रस्तुत किया गया है ?
४. कबीर ने ऐसा क्यों कहा है कि संसार बौरा गया है ?

**प्र-१० निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** ६

हमें ऐसा सीन लेना था, लेकिन मुश्किल यह कि यह कुत्ता कोई हॉलीवुड का सिखाया हुआ नहीं था । इसलिए यह बताना मुश्किल ही था कि वह अपू-दुर्गा के साथ भागता जाएगा या नहीं । कुत्ते के मालिक से हमने कहा था, 'अपू-दुर्गा' जब भागने लगते हैं, तब तुम अपने कुत्ते को उन दोनों के पीछे भागने के लिए कहना लेकिन शूटिंग के वक्त दिखाई दिया कि वह कुत्ता मालिक की आज्ञा का पालन नहीं कर रहा है । इधर हमारा कैमरा चालू ही था । कीमती फिल्म जाया हो रही थी और मुझे बार-बार चिल्लाना पड़ रहा था – 'कट्-कट् !'

अब यहाँ धीरज रखने के सिवा दूसरा कोई उपाय नहीं था । अगर कुत्ता बच्चों के पीछे दौड़ा तो ही वह उनका पालतू कुत्ता लग सकता था । आखिर मैंने दुर्गा से अपने हाथ में थोड़ी मिठाई छिपाने के

लिए कहा, और वह कुत्ते को दिखाकर दौडने को कहा । इस बार कुत्ता उनके पीछे भागा, और हमें हमारी इच्छा के अनुसार शॉट मिला ।

प्रश्नो :

१. पाठ तथा उसके लेखक का नाम बताइए ।
२. कुत्ते को दौडा़ने का दृश्य शूट करने में कौन-सी कठिनाई सामने आई ?
३. लेखक ने कुत्ते को सही समय पर दौड़ाने के लिए किस युक्ति से काम लिया ?

प्र-११ निम्नलिखित प्रश्नो में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए । ९

१. आपके और यहाँ के निवासियों के बीच कोई तीसरी शक्ति भी है — यहाँ तीसरी शक्ति किसे कहा गया है ?
२. धनराम मोहन को अपना प्रति द्वंद्वी क्यों नहीं समझता था ?
३. कहानी के अंत में अलोपीदीन के वंशीधर के नियुक्त करने के पीछे क्या कारण हो सकते है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए । आप इस कहानी का अंत किस प्रकार करते ?
४. किसी फिल्म की शूटिंग करते फिल्मकार को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उसे सूचीबद्ध लिखिए ।

प्र-१२ लता ने करूण रस के गानों के साथ न्याय नहीं किया है, जबकि श्रृंगारपरक गाने वे बड़ी उत्कटता से गाती है — इस कथन से आप कहाँ तक सहमत है ? ५

प्र-१३ निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए । १०

१. राजस्थान में कुंई किसे कहते है ? इसकी गहराई और व्यास तथा सामान्य कुओं की गहराई और व्यास में क्या अंतर होता है ?
२. लेखक ने पाठ में गानपन का उल्लेख किया है । पाठ के संदर्भ में स्पष्ट करते हुए बताएँ कि आपके विचार में इसे प्राप्त करने के लिए किस प्रकार के अभ्यास की आवश्यकता है ?
३. निजी होते हुए भी सार्वजनिक क्षेत्र में कुइयों पर ग्राम-समाज, का अंकुश लगा रहता है । लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा ?